# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# टिहरी डैम की बिकवाली के खिलाफ कांग्रेसी सड़कों पर

**विरोध**

## दून में प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में किया पुतला दहन

**संवाददाता**

देहरादून। केंद्र सरकार द्वारा उत्तराखंड की सबसे बड़ी पन बिजली परियोजना टिहरी डाम को बेचने के निर्णय के खिलाफ आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश भर में जिला मुख्यालयों में मोदी सरकार का पुतला दहन किया। राजधानी देहरादून में प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में पहले कांग्रेस मुख्यालय में नेताओं का संबोधन हुआ और तत्पश्चात एस्लेहाल चौराहे में मोदी सरकार का पुतला दहन किया गया जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत भी शामिल हुए।

कांग्रेस मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रीतम सिंह ने कहा कि टिहरी व उत्तराखंड की जनता को 2014 और 2019 में पांचों लोकसभा व 2017 में प्रदेश में प्रचंड बहुमत की बीजेपी सरकार बनाने का इनाम टिहरी डाम को नीलाम करने का निर्णय करके बखूबी दिया। उन्होंने कहा कि टिहरी डाम के लिए टिहरी शहर व 152 गांव के लोगों ने अपना घर अपना गांव व अपना ऐतिहासिक शहर टिहरी अपनी संस्कृति कुर्बान कर दी देश के विकास के लिए और आज मोदी सरकार ने टिहरी के लोगों की कुर्बानी ही नीलाम करने का फैसला कर दिया जिसे कांग्रेस किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे पर आर पार की लड़ाई के लिए तैयार है और 2 दिसंबर को टिहरी कूच होगा और नई टिहरी के भागिरथीपुरम में टिहरी डाम के कार्यालय के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन होगा। अपने संबोधन में प्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री हरीश रावत ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह के टिहरी कूच कार्यक्रम की तारीफ करते हुए कहा कि टिहरी के लोगों की अस्मिता और पहचान के प्रतीक टिहरी डाम की नीलामी के खिलाफ श्री प्रीतम सिंह ने जो कार्यक्रम दिया है उससे टिहरी के लोग जिन्होंने टिहरी डाम के लिए कुर्बानी दी उनको विश्वास होगा कि हमारे साथ कांग्रेस खड़ी है। श्री रावत ने कहा कि पार्टी इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने के लिए पूरी ताकत से लड़ेगी।

पूर्व मंत्री मातबर सिंह कंडारी ने कहा कि टिहरी डाम को नीलामी से बचाने के लिए कांग्रेस अब सड़कों पर संघर्ष करेगी। सभा का संचालन करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि मोदी सरकार ने उत्तराखंड और विशेषकर टिहरी के लोगों को खुली चुनोती दी है और कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता प्रीतम सिंह के नेतृत्व में अगर जेलें भरनी पड़ी तो राज्य भर में जेल भरो आंदोलन चला कर जेलें भरने का काम करेंगे।



विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता।

# न्याय पंचायत मुख्यालयों पर आयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह

## ग्राम प्रधानों ने ली शपथ

**(संवाददाता)** देहरादून। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विजयी ग्राम प्रधानों ने बुधवार को शपथ ली। क्षेत्र के सभी न्याय पंचायत मुख्यालयों पर आज शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्रधानों के साथ ही ग्राम पंचायत सदस्यों को भी शपथ दिलाई गई।

लोहाघाट में नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। जिसमें 67 में से 19 ग्राम प्रधानों ने शपथ ली। कोरम पूरा न होने के चलते 48 ग्राम पंचायतों का गठन नहीं हो सका। काशीपुर ब्लॉक सभागार में नवनिर्वाचित प्रधानों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। गदरपुर स्थित विकासखंड सभागार में बीडीओ एलडी जोशी ने 52 में से 38 प्रधानों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कागजी कार्रवाई पूरी नहीं होने पर 14 ग्राम प्रधान शपथ नहीं ले पाए। हल्द्वानी ब्लॉक सभागार में ग्रामप्रधानों ने शपथ ली। रुद्रपुर ब्लॉक कार्यालय में ग्राम प्रधान व वार्ड मेंबर को बीडीओ ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी।



शपथ ग्रहण करती ग्राम प्रधान।

## न्यूज डायरी

### नैनी झील से शव बरामद

**(संवाददाता)** नैनीताल। बीते 20 मई से लापता चार्टन लाज निवासी एक व्यक्ति का शव बुधवार को यहां झील से बरामद किया गया। आज राहगीरों को एचडीएफसी बैंक मालरोड के सामने नैनी झील में एक शव उतराता देखा। जिसकी सूचना क्लाउड होटल मल्लीताल में कार्यरत सुनील कुमार द्वारा पुलिस को दी गई। मौके पर क्षेत्राधिकारी विजय थापा, एसएसआई बीएस मासीवाल, और एसआई दीपक बिष्ट के साथ मौके पर पहुंचे नाव चालकों की मदद से शव को बोट स्टैंड मल्लीताल निकाला गया। जहां उसके जमाई संदीप ने उसकी शिनाख्त किशन सिंह पुत्र रघुवीर सिंह निवासी न्यू चार्टन लॉज मल्लीताल हुई।

### पौड़ी परिसर में छात्रसंघ समारोह का उद्घाटन आज

**(संवाददाता)** पौड़ी। पौड़ी परिसर में गुरुवार को छात्रसंघ उद्घाटन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व समारोह की तिथि व अतिथियों को लेकर छात्रसंघ के पदाधिकारियों के बीच मतभेद भी चल रहा था। वरिष्ठ छात्र नेताओं द्वारा छात्रसंघ के पदाधिकारियों के बीच बातचीत कर मामले का हल निकाला गया था। जिस पर सर्वसम्मति से गुरुवार को छात्रसंघ उद्घाटन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया था। गुरुवार को होने वाले छात्रसंघ उद्घाटन समारोह को लेकर छात्रसंघ ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। समारोह में मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता मनीष खंडूड़ी रहेंगे।

### रुहेला ने संभाला सीडीओ टिहरी का कार्यभार

**(संवाददाता)** टिहरी। जिले के नवनियुक्त सीडीओ अभिषेक रुहेला ने टिहरी गढ़वाल में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। अभिषेक रुहेला वर्ष 2015 के आईएएस हैं। देहरादून से सिटी मजिस्ट्रेट के पद से स्थानांतरित होकर आये हैं। रुहेला ने बताया कि उनकी प्राथमिकता मनरेगा का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाना है। ग्रामीणों को मनरेगा के तहत बेहतर रोजगार मिले। इसके साथ ही आम लोगों की समस्याओं का समाधान त्वरित गति से हो।

### सेना भर्ती कैम्प के लिए 19 बच्चों का चयन

**(संवाददाता)** चमोली। सेना में भर्ती हेतु यूथ फाउंडेशन द्वारा थराली में आयोजित भर्ती पूर्व प्रशिक्षण के लिए 19 युवाओं का चयन किया गया है। यूथ फाउंडेशन के अजय कोठियाल के नेतृत्व में यह ये युवा भर्ती से पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और सेना की भर्तियों में शामिल होंगे। बुधवार को यूथ फाउंडेशन के थराली में हुए कैंप के तहत कुल 98 ने प्रतिभाग किया जिसमें से शारीरिक दक्षता एवं नापतोल के बाद यूथ फाउंडेशन की टीम ने 19 का चयन किया है। इनकी ट्रेनिंग जनवरी 8 से विसी दरवान सिंह कैम्प कर्णप्रयाग में होगी। इन्हें भर्ती पूर्व निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## पोर्टल के संपादक की गिरफ्तारी पर पत्रकारों ने किया प्रदर्शन

**(संवाददाता)** हल्द्वानी। न्यूज पोर्टल के संपादक की गिरफ्तारी में सरकार पर बदले की भावना से कार्रवाई करे जाने की बात कहते हुये आज पत्रकारों ने बुद्ध पार्क में प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो। उल्लेखनीय है पर्वतजन के संपादक शिवप्रसाद सेमवाल को सहसपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उन पर रंगदारी मांगने का आरोप है। इधर हल्द्वानी में पत्रकारों ने इस मामले में सीएम पर आरोप लगाया है कि सीएम बदले की भावना से कार्रवाई करवा रहे हैं क्योंकि पत्रकार सेमवाल सरकार के खिलाफ लगातार लिखते रहते हैं। सीएम ने पुलिस पर दबाव बनाया है। जिसके तहत पुलिस सेमवाल का उत्पीड़न कर रही है। मांग की गयी कि मामले की पूरी तरह से निष्पक्ष जांच हो। इस दौरान गिरीश भट्ट, गुरुमीत सिंह, लक्ष्मण मेहरा, योगेश शर्मा, कमल जगाती, राजेश सरकार, संजय रावत, हर्ष चौधरी, भूपेश कन्नौजिया, मनोज कांडपाल, अतुल अग्रवाल, प्रकाश भट्ट, गुड्डू रजवार, सुरेश पाठक, गोविंद बिष्ट, गणेश पांडे, नरेन्द्र देव सिंह आदि थे।

# पर्वतीय क्षेत्रों में तापमान में भारी गिरावट

**संवाददाता**

देहरादून। बुधवार को नैनीताल सहित पर्वतीय क्षेत्रों में सुबह से ही बादल छाने से तापमान में भारी गिरावट आ गई। दिन शुरू होने के साथ ही यहां कभी–कभी धूप भी खिलने लगी। इन दिनों ठंड बढने के साथ ही लोगों ने हीटरों का इस्तेमाल शुरू कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में नैनीताल सहित पहाड़ी क्षेत्रों में वर्षा हो सकती है। इन दिनों नैनीताल में विदेशी सैलानियों के साथ ही शैक्षणिक दल भी काफी संख्या में पहुंच रहे है। नैनीताल पहुंचे सैलानियों ने मौसम का जमकर आनंद उठाया। इन दिनों सुबह और सांय ठंड में काफी इजाफा हो गया है। नैनीताल व आसपास के क्षेत्रों से सैलानियों की वापसी होने लगी है। नैनीताल पहुंचे ठंड के चलते पर्यटकों ने गर्म कपड़े दस्ताने मफलर, टोपी की जमकर खरीदारी की रहे। नैनीताल पहुंचे सैलानियों ने वादियों की सैर कर बदलते मौसम का खूब आनंद उठाया। नगर के माल रोड समेत तिब्बती, भोटिया, पालिका समेत तल्लीताल व मल्लीताल की बाजारों से पर्यटकों ने खरीददारी की।

नैनीताल पहुंचे लोगों ने नौकायन का भी आनंद उठाया। नैनीताल के अलावा बंगाली व गुजराती सैलानियों की नैनीताल के हिमालय दर्शन, सडियाताल, स्नो व्यू, सहित अन्य स्थानों में भी आमद देखी जा रही है। जीआईसी स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी प्रताप सिंह बिष्ट की मानें तो बुधवार को अधिकतम तापमान 13.5 तथा न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आर्द्रता अधिकतम 86 व न्यूनतम 58 प्रतिशत रिकार्ड की गई। नियंत्रण कक्ष के प्रभारी रमेश सिंह गैड़ा ने बताया कि जलस्तर छह फीट नौ इंच पर स्थिर है।

### बर्फबारी से कई स्थानों पर मार्ग अवरुद्ध

देहरादून। उत्तराखंड के पर्वतीय और ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी के कारण कई स्थानों पर मार्ग अवरुद्ध हो गये हैं। बर्फबारी के कारण पूरे राज्य में ठंड बढ़ गई है। उत्तरकाशी जिला आपदा परिचालन केन्द्र के प्रभारी अधिकारी देवेंद्र सिंह पटवाल ने बताया कि सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), भटवाड़ी के अनुसार, भैरवघाटी से गंगोत्री तक बर्फबारी के कारण मार्ग अवरुद्ध हैं।